# मांगरोल गांव निवासी प्रेम चंद्र गायरी की नृशंस हत्या के विरोध में धनगर गाडरी समाज का आंदोलन

## सीएम के नाम ज्ञापन देकर निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है




मांगरोल गांव निवासी प्रेम चंद्र गायरी की नृशंस हत्या के विरोध में गाडरी समाज ने आंदोलन किया।

भीलवाड़ा। चित्तौड़गढ जिले के निम्बाहेड़ा तहसील के मांगरोल गांव निवासी प्रेम चंद्र गायरी की नृशंस हत्या के विरोध में भीलवाड़ा का समस्त धनगर गाडरी समाज आंदोलित हो उठा है। समाज ने उदयपुर संभाग अध्यक्ष भैरूलाल खायड़ा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को जिला कलेक्टर भीलवाड़ा के माध्यम से एक ज्ञापन सौंपकर इस मामले में त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है। अध्यक्ष भैरूलाल खायड़ा ने बताया कि प्रेम चंद्र गायरी को लक्ष्मीपुरा, थाना क्षेत्र सदर निम्बाहेड़ा निवासी गणपतलाल पुत्र श्री गोपाल लाल जाट और उसके साथियों ने गाली-गलौज करते हुए जबरन घर से उठाया और बेरहमी से उनकी हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपियों ने परिजनों को अस्पताल बुलाकर शव सौंप दिया। समाज ने इस कृत्य को निंदनीय बताते हुए कहा कि इससे समाज में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा हो गया है। पुलिस प्रशासन इस गंभीर हत्या के मामले को श्एक्सीडेंटश् बताकर कमजोर करने का प्रयास कर रहा है, जिसे न्याय के साथ अन्याय बताया गया है। प्रेम चंद्र गायरी को एक सम्मानित, शांतिप्रिय और समाजसेवी नागरिक बताते हुए उनकी हत्या से पूरे समाज में आक्रोश व्यक्त किया गया है। गाडरी समाज ने मुख्यमंत्री से ज्ञापन में - (1) प्रकरण को 'एक्सीडेंट' से बदलकर हत्या (आईपीसी 302) के तहत दर्ज किया जाए, (2) दोषियों को तत्काल गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, (3) पीड़ित परिवार को तात्कालिक आर्थिक सहायता, एक सदस्य को सरकारी नौकरी और आवश्यक सुरक्षा प्रदान की जाए, (4) संपूर्ण प्रकरण की सीबीआई से निष्पक्ष जांच करवाई जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु प्रभावी व्यवस्था की जाए। धनगर गाडरी समाज ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उपयुक्त धाराओं में प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई शुरू नहीं की गई, तो समाज उठा आंदोलन के लिए बाध्य होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और राज्य सरकार की होगी। इस दौरान गोपाल धुवाला एडवोकेट, भंवर गठिलाखेड़ा, नारायण, रामचन्द्र सुवाणा, किशन हरणी, रामप्रसाद गाडरी, भंवर रूपाहेली, दोला राम मालोला, शंकर लाल, जमना लाल

## मोबाइल लूटने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर,** 27 जून। जिले के बाघपुरा थाना पुलिस ने तलवार दिखा बाइक सवार से नकदी व मोबाईल लूट के मामले में दो बदमाशों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त बाईक व लूटी गई बाईक बरामद की है।

प्रकरण के अनुसार पीडित चंदुलाल पुत्र थावरा निवासी वणीबोर थाना खेरवाड़ा उदयपुर ने 20 मार्च को वाघपुरा पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। जिसमें उसने बताया कि मै व मेरा साथी बाइक पर वणीबोर से मेरे ससुराल जा रहे थे। टिण्डोल से आगे घाटी में धरती माता पहुंचने पर पिछे से आए बाइक सवार तीन बदमाशों ने रोका तथा तलवार दिखा कर मेरे जेब से 32 हजार रूपये नकदी व दो मोबाईल व बाइक लूट ले गए।

इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक नेत्रपालसिंह के सुपरविजन में वाघपुरा थानाधिकारी वेलाराम के नेतृत्व में गठित दल ने कार्यवाही करते हुए मौके से मिले साख्यों एवं पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों से की गई पूछताछ के आधार पर आरोपी नितेश उर्फ कुका पुत्र बाबुलाल निवासी करनाउवा फला उपला थाना खेरवाड़ा, ललित उर्फ लाला पुत्र देवीलाल निवासी सरादित वाघपुरा को प्रोडक्शन वारंट से गिरफ्तार कर इनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त एवं लूटी गई बाइक बरामद की।

# ट्ययूबवैल खुदाई ठेके में गड़बड़झाला, तीन निविदाओं को ठुकराया, एक को ही माना

- मुख्यमंत्री व मुख्य अभियंता को भेजा शिकायत पत्र
- पद का दुरुपयोग व गड़बड़ियों का भी आरोप

**रानीवाड़ा,** (नि.सं.)। जलदाय विभाग सांचौर-रानीवाड़ाखंड में करोड़ों रुपए की लागत से प्रस्तावित ट्ययूबवैल खुदाई कार्य में घोर अनियमितताओं का सनसनीखेज मामला उजागर हुआ है। वर्ष 2025-26 में आवश्यकतानुसार नए ट्ययूबवैल खुदवाने के लिएराशि एक करोड़ पांच लाख रुपएकी निविदा प्रक्रिया अपनाई गई, लेकिन विभागीय अधिकारियों ने नियम-कायदों और पारदर्शिता को पूरी तरह ताक पर रखकर मनमर्जी की सारी हदें पार कर दीं।

जानकारी के अनुसार, निविदा क्रमांक04/2025-26में कुल चार फर्मों ने 3 जून को अपने टेंडर दस्तावेज जमा करवाए। नियमानुसार सभी चारों निविदाओं की सम्यक जांच कर पारदर्शी प्रक्रिया से ठेका स्वीकृत किया जाना था। लेकिन महज दस दिन बाद 13 जून को विभाग ने तीन फर्मों को बिना कोई ठोस कारण बताए निविदा प्रक्रिया से बाहर कर दिया और एकमात्र बची फर्म को ठेका स्वीकृत कर दिया।

बाहर की गई फर्मों के प्रतिनिधियों ने बताया कि अधीक्षण अभियंता से बार-बार लिखित व मौखिक रूप से निविदा निरस्त करने का कारण पूछा गया, लेकिन अधिकारी कभी तकनीकी खामियों का हवाला देते, कभी दस्तावेज अपूर्ण बताकर जवाब बदलते रहे। निविदाकर्ताओं ने साफ कहा कि उन्होंने निविदा के सभी शर्तों और आवश्यक दस्तावेज समय रहते संलग्न किए थे। इसके बावजूद उनकी निविदाओं को अवैधानिक रूप से निरस्त किया गया।

तीन निविदाकर्ताओं ने इस पूरे प्रकरण को गंभीर घोटाले की संज्ञा देते हुए मुख्यमंत्री, जलदाय विभाग के मुख्य अभियंता, जिला कलेक्टर और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के अधिकारियों को लिखित शिकायत भेजी है। शिकायत में निविदा को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर जांच करवाने तथा प्रक्रिया को पुनः निष्पक्ष रूप से कराने की मांग की गई है।

कोई संतोषजनक कारण नहीं दिया शिकायत में आरोप लगाया गया है कि अधीक्षण अभियंता जहां भी तैनात रहते हैं, वहां विभागीय गड़बड़ियों और आर्थिक अनियमितताओं के प्रकरण सामने आते रहे हैं।

## आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाडा**। शहर के पुर थाना क्षेत्र में एक वर्ष पूर्व हुई लूट के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में डीएसटी और पुलिस टीम ने सफलता हासिल की है। भीलवाड़ा एसपी ने इस पर 5 हजार का इनाम भी घोषित किया था। पुर थाना प्रभारी पुष्पा कसोटिया ने बताया कि एसपी धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में अपराधियों को पकड़ने के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे है, इसी के तहत पुर थाना क्षेत्र में वर्ष 2024 में किराना व्यापारी से हुई लूट का एक आरोपी पिछले एक साल से फरार चल रहा था। इस पर एसपी ने 5 हजार का इनाम भी घोषित किया था। पुर थाना पुलिस ने डीएसटी से मिले सूचना के बाद इसे गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। उन्होंने बताया कि एक जून 2024 को गोपाल शर्मा निवासी मंगलपुरा ने एक रिपोर्ट दर्ज करवाई जिसमे बताया कि जगदीश किराना स्टोर के नाम से पुर रोड पर उसकी दुकान है। जहां से वो दुकान मंगल करके रात को करीब 9.35 बजे अपने घर के लिए जा रहा था। अजूबा पेट्रोल पंप के आगे एक बाइक पर आए तीन युवकों ने अपनी बाइक मेरी मोपेड के आगे लगाई और मुझे गिरा दिया और मेरा बैग छीन कर भाग निकले।

# जेएलएन कॉलेज के मेडिकल ज्यूरिस्ट विभाग में दौड़ा करंट, मचा हडकंप

**अजमेर** (कासं)। उदयपुर मेडिकल कॉलेज में रेजिडेंट डॉक्टर की करंट लगने से हुई मौत के बाद प्रदेश भर में अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्थाओं पर सवाल उठे ही थे कि अजमेर के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के मेडिकल ज्यूरिस्ट विभाग में शुक्रवार को फिर से करंट दौड़ गया। विभाग में काम कर रहे डॉक्टर और अन्य स्टाफ द्वारा दीवार पर हाथ रखते ही झटके लगने से दहशत में आ गए। पूरे विभाग में हलचल मच गई। बताया जा रहा है कि दो दिन पहले हुई बारिश के बाद विभाग की छत से पानी टपकने लगा था। लगातार सीलन और टपकती छत के कारण दीवार में लगे बिजली के तारों में करंट दौड़ गया और यह दीवार पर भी महसूस होने लगा। शुक्रवार सुबह जैसे ही स्टाफ ने दीवार को छुआ तो करंट लगने से अफरा-तफरी मच गई।

गौरतलब है कि आठ माह पहले भी इसी तरह की घटना के बाद विभाग को अस्थाई रूप से दूसरी जगह शिफ्ट किया गया था। हाल ही में मरम्मत और रंगरोगन के बाद विभाग को महज आठ दिन पहले ही पुराने स्थान पर दोबारा शिफ्ट किया गया था, लेकिन फिर से वही समस्या उभर आई। यह काम करने वाले फैकल्टी स्टाफ ने पीडब्ल्यूडी द्वारा किए गए कार्य पर सवाल खड़े किए हैं।

उनका कहना है कि आठ माह पहले भी करंट की वजह से विभाग की मरम्मत की गई थी, इसके बाद भी हाल जस के तस हैं। मेडिकल ज्यूरिस्ट विभाग में वर्तमान में 20 रेजिडेंट डॉक्टर, 8 फैकल्टी और आठ अन्य स्टाफ कार्यरत हैं। हादसे के बाद सभी में दहशत का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिल सामरिया ने सार्वजनिक निर्माण विभाग जेएलएन इकाई के इलेक्ट्रिकल और सिविल इंजीनियर्स को तुरंत समस्या के स्थायी समाधान और मरम्मत के निर्देश दिए हैं। उदयपुर मेडिकल कॉलेज में बिजली के झटके से डॉक्टर की जान जाने के बावजूद अजमेर जैसे बड़े मेडिकल संस्थान में लगातार हो रही इस तरह की घटनाएं सुरक्षा मानकों और रखरखाव की स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं।

## बदमाश से बाइक जब्त

**उदयपुर**। रेपिडो राइडर बन कर सवारी के साथ मारपीट कर लूट की वारदात करने के मामले में एक बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर इसके कब्जे से बाईक बरामद की है।

प्रकरण के अनुसार पीडित अशोक कुमार माली ने 7 जून को पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। जिसमें उसने बताया कि 6 जून को रात मे मैंने रेपीडो बुक करवाई थी। जिस पर मुझे रिसीव करने एक व्यक्ति फर्जी रेपिडो राईडर बन कर आया। उसके साथ एक साथी और था। रात में दोनों मुझे सुनसान इलाके में ले गये। जहां पहले से मौजूद अन्य साथी के साथ मिल कर आरोपियों ने मेरे साथ मारपीट की तथा नकदी व मोबाईल लूट ले गए। मामले में प्रकरण दर्जहोने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगनपुरोहित के सुपरविजन में कार्रवाई की।

## टाइगर बाबा गैंग का बदमाश गिरफ्तार

**उदयपुर**27जून। गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने हाइवे पर लूट की वारदात करने वाली टाईगर बाबा-225 गैंग के एक बदमाश को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से लूटा गया मोबाईल बरामद किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाडा, पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीरसिंह के सुपरविजन में झाड़ोल थानाधिकारी दिलिपसिंह झाला के नेतृत्व में गठित दल ने गोवर्धन विलास पुलिस थाने के प्रकरण संख्या166/25 में कार्यवाही करते हुए टाईगर बाबा-425 गैंग के एक शातिर अजय उर्फ अजीत उर्फ अज्जु पुत्र शंकरलाल खराड़ी निवासी खाटीकमदी वाघपुरा को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने गोवर्धन विलास थाना क्षेत्र में लूट की दो वारदातें करना कबूल किया। इस मामलेमें पूर्व में आरोपी लीलत उर्फ ललिया उर्फ लाला पुत्र देवीलाल कसोटा निवासी फुटा फला सरादीत वाघपुरा, मुख्य सरगना शातिर खेरवाड़ा पुलिस थाने का हिस्ट्रीशिटर नितेश उर्फ कुका लिम्बात पुत्र बाबुलाल लिम्बात निवासी उपला फला सरकारी स्कुल के पास करनाउवा खेरवाड़ा व कैलाश खराड़ी पुत्र गणेश खराड़ी निवासी नेणबारा जाबला फला को गिरफ्तार किया जा चुका है। पूछताछ में आरोपी ने 8 मई को विकेश मीणा पुत्र कचरूलाल निवासी बारांफला बरोटी टीडी से बारापाल व खरपीणा के बीच बदमाश स्कूटी व मोबाईल लूटने, 22अप्रेल 25 को हरिशंकर पुत्र शंभूलाल मीणा निवासी पाटिया फला सोरा टीडी के साथ 21 अप्रेल को काया स्थित होटल चरण कमल के आगे उण्डावेला के पास से मोबाईल व बाइक लूट की वारदात करना कबूल किया।


# नेशनल हाईवे पर खड़ा डोडा पोस्त से भरा ट्रक पुलिस ने जब्त किया

**अजमेर,** (कासं)। जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा के दिशा निर्देशों पर शहर सहित जिले भर में अवैध मादक पदार्थ व मादक पदार्थ का कारोबार करने वाले तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहा निर्देश पर प्रदेश में नशे के व्यापार और ट्रांजिट रूट्स की सघन निगरानी की जा रही है। अभियान के तहत ही रामगंज थानाप्रभारी अनिल गुजराल के नेतृत्व में टीम गठित कर नेशनल हाईवे पर संदिग्ध

- 5500 किलो अवैध मादक पदार्थ बरामद
- बाजार में कीमत करीब 3.30 करोड़ रुपए
- अभियान के तहत ही रामगंज थानाप्रभारी अनिल गुजराल के नेतृत्व में टीम गठित कर नेशनल हाईवे पर संदिग्ध वाहनों की तलाशी के दौरान ट्रक की जांच की

अभियान रंग लाने लगा है। रामगंज थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे संख्या 58 की सर्विस लाइन पर खड़े एक लावारिस ट्रक से करीब 55 सौ किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 3 करोड़ 30 लाख रुपए आंकी जा रही है। पुलिस ने ट्रक व माल जब्त कर जांच शुरू कर दी है। एसपी वंदिता राणा ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि ने अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध जयपुर के वाहनों की तलाशी की जा रही थी, जांच के दौरान ग्राम दौराई की सरहद के पास सर्विस लाइन में एक ट्रक लावारिस हालत में खड़ा मिला।

ट्रक के आस पास चालक का कोई सुराग नहीं मिला। मौके पर पहुंचे थानाप्रभारी अनिल गुजराल ने ट्रक की तलाशी ली तो उसमें 260 कट्टों में अवैध डोडा पोस्त भरा हुआ मिला। इलेक्ट्रॉनिक कांटे से तौलने पर इसका कुल वजन 5500.140 किलोग्राम निकला।



रामगंज थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर पुलिस ने कार्रवाई कर ट्रक से मादक पदार्थ जब्त किए।

## धोखाखड़ी का मामला दर्ज

**उदयपुर**,27जून। शहर के सूरजपोल थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पीडित के साथ धोखाधड़ी करने का प्रकरण दर्ज किया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंदिर के पास देवस्थान मादड़ी गोगुन्दा निवासी रविशंकर जोशी पुत्र गंगाराम जोशी ने आरोपी महेन्द्रसिंह पुत्र लालसिंह चौहान निवासी दैत्यमगरी, भंवरसिंह के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि मैं आरोपी महेन्द्रसिंह की कंपनी में काम चालक का काम करता था। जिससे परिचय एवं अच्छा संपर्क हो गया। गत दिनों आरोपी ने नई कार खरीदने के लिए गारंटर की आवश्यकता होने की बात कही। इस पर मुझसे बातचीत करने पर मैने अपनी सहमती दी। इसको लेकर सविना स्थित श्रीजी फाईनेंन्स कंपनी पहुंच कर कार्यवाही की तथा मेरे चेक दिए। कुछ समय बाद पता चला कि आरोपी ने मेरे नाम से ऋण उठा लिया है। इसका एतराज करने पर आरोपी ने कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया।

# चोरी के आरोप में तीन महिलाओं सहित चार और पकड़े

## पुलिस अजमेर से आरोपियों को पकड़ कर लाई

**जोधपुर,** (कासं)। शहर की सरदारपुरा 9वीं ए रोड पर 13 जून को लाखों की चोरी प्रकरण में पुलिस ने तीन महिलाओं सहित एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इससे पहले 22 जून को दो शातिरों को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आरोपियों को फिलहाल शांतिभंग में पकड़ा है। जल्द ही उन्हें केस में गिरफ्तार किया जाएगा। संभवतः महिलाओं से जेवरात बरामद हो सकते है। 14 जून को रतन चौपडा पुत्र बाबूलाल चौपडा निवासी ए 282 सरस्वती नगर ने रिपोर्ट दी थी। इसमें बताया कि उसकी बहिन शोभा कोठारी व जीजाजी गौतम चन्द सा कोठारी पुत्र स्व. उत्तमचन्द कोठारी का मकान 9वी ए रोड मकानि 110 प्रेम कुन्ज सरदारपुरा में है। मेरी बहन शोभा कोठारी दिनांक 13 जून दोपहर करीब 12 बजे अपने निवास से मेरे घर मिलने के लिए अपने मकान के ताले लगाकर मिलने आई थी। जो मेरे घर पर ही थी उसी समय शाम को इनके पड़ौसी के दुकान पर काम करने वाले लडक़े ने मेरे बहन शोभा कोठारी को बताया कि मकान का दरवाजा खुला पडा है एवं बाहर से देखने पर अन्दर कमरे भी खुले पड़े है। वहां आकर देखा तो पता लगा कि नीचे धरातल पर सभी चीजें व सामान सही सलामत थे व प्रथम तल पर जाकर देखा तो सभी दरवाजे खुले हुए व अलमारियों के ताले टूटे हुए थे व अलमारीयो मे रखा हुआ सामान बाहर नीचे व पलंग पर बिखरा हुआ पड़ा था। वहां से करीब 20 से 25 तोला सोने एवम 5 से 7 लाख करीब नकद रुपए अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिए गए। पुलिस ने डांगियावास, बिलाडा, बर, ब्यावर, मसूदा, बान्दनवाडा में तलाश करते हुए टांटोटी गांव पुलिस थाना सराना जिला अजमेर पहुंच आरोपियों की तलाश अजमेर, ब्यावर, सरवाड, नसीराबाद, भिनाय, सराना, कल्याणपुर, किताप, देवलीयां कल्ला, घनाहेडा, घाणा, टांटोटी के आस पास 07 दिनों तक लगातार दिन रात तलाश करते हुए 21 जून को कुम्हारियां गांव पुलिस थाना सराना जिला अजमेर क्षेत्रदुर्गा उर्फ जॉनी उर्फ हंगणीया पुत्र स्वर्गीय बद्री बागरी निवासी झुग्गी झोपडी पटोदी रोड पुलिस चौकी के पास गणेश कॉलोनी गुडगांव हरियाणा, हाल गांव टांटोटी पुलिस थाना सराना तहसील टांटोटी जिला अजमेर और सुरेश उर्फ सन्तोष पुत्र स्वर्गीय श्रवण बागरी निवासी गांव टांटोटी पुलिस थाना सराना तहसील टांटोटी जिला अजमेर को दस्तयाब कर गिरफ्तार किया गया।

# अलकनंदा नदी बस दुखान्तिका में 5 शव मिले, एक की शिनाख्त नही, 8 अभी भी लापता

- चारधाम यात्रा पर गए उदयपुर के यात्रियों की बस के रूद्रप्रयाग में अलकनंदा नदी में गिरने के दूसरे दिन शुक्रवार को भी रेस्क्यू ऑपरेशन जारी रहा। शुक्रवार सुबह रेस्क्यू टीम को एक और शव बरामद हुआ है जिसकी पहचान उदयपुर के संजय सोनी के रूप में हुई है।

**उदयपुर,** । चारधाम यात्रा पर गए उदयपुर के यात्रियों की बस के रूद्रप्रयाग में अलकनंदा नदी में गिरने के दूसरे दिन शुक्रवार को भी रेस्क्यू ऑपरेशन जारी रहा। शुक्रवार सुबह रेस्क्यू टीम को एक और शव बरामद हुआ है जिसकी पहचान उदयपुर के संजय सोनी के रूप में हुई है।

रूद्रप्रयाग एसपी अक्षय प्रहलाद कोंडे के अनुसार शव की शिनाख्त संजय सोनी के नाम से हुई है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है,हादसे का शिकार हुए 8 लोग अभी भी लापता है जिनकी तलाश की जा रही है।उन्होंने बताया कि हादसे के 24 घंटे से ज्यादा बीत गए हैं, लेकिन अलकनंदा नदी में गिरी बस ही अभी तक नहीं मिली है ऐसे में बस के साथ नदी में गिरे लापता लोगों की तलाश करना पुलिस और एसडीआरफ की टीमों के लिए बडी चुनौती है।लापता लोगों में अभी भी उदयपुर के चार लोग शामिल हैं,जिनमें टूर ऑपरेटर रवि भावसर, एडवोकेट संजय सोनी की पत्नी,मां और सूरत के ज्वैलरी व्यापारी गोगुंदा निवासी ललित सोनी हैं,ललित सोनी की सूरत निवासी बेटियां मयूरी और मौली भी लापता ही हैं।

रेस्क्यू अभियान के चलते अब तक संजय सोनी(55) निवासी शास्त्री सर्किल,उदयपुर,विशाल सोनी(42) निवासी राजगढ ,मध्य प्रदेश,गौरी सोनी(41 निवासी राजगढ ,मध्य प्रदेश,ड्रिमा ि(17) निवासी सूरत,गुजरात के शव मिल चुके है जबकि एक शव और बरामद हुआ है,जिसकी शिनाख्तगी के प्रयास जारी हैं।

रुद्रप्रयाग के घोलतीर के पास अलकनंदा नदी में गिरी उदयपुर के तीर्थयात्रियों की बस दुर्घटना में लापता चल रहे 8 लोगों की तलाश की जा रही है। लापता व्यक्तियों के नाम जिनकी तलाश जारी,इनमें रवि भवसार(28) निवासी शास्त्री सर्किल,उदयपुर, टूर ऑपरेटर, ललित कुमार सोनी( 48) निवासी गोगुंदा,उदयपुर सूरत में ज्वैलरी व्यापारी,चेतना सोनी(52) निवासी उदयपुर,एडवोकेट संजय सोनी की पत्नी, सुशीला सोनी,निवासी उदयपुर,एडवोकेट संजय सोनी की मां(77), मयूरी(24) निवासी सूरत, गुजरात,मौली सोनी(19 ),निवासी पूना कुंभरिया रोड,सूरत,गुजरात चेष्ठा(12 ) निवासी सिलिकॉन पैलेस,सूरत,गुजरात ,कट्टा रंजना अशोक(54)निवासी मीरा रोड,महाराष्ट्र शामिल है।

प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति एवं निगरानी में जिला पुलिस, फायर सर्विस एसडीआरएफ, डीडीआरएफ व जल पुलिस का संयुक्त रुप से रेस्क्यू अभियान जारी है। दुर्घटनास्थल से लेकर श्रीनगर तक के क्षेत्र में विभिन्न प्वाइन्टों पर वॉचरों की नियुक्ति सहित अलकनन्दा नदी में बोट व सोनार की मदद से.खोज अभियान चलाया जा रहा है। हालां कि नदी के उझानए मटमैला पानी और खराब मौसम के चलते रेस्क्यू ऑपरेशन में काफी दिक्कतें आ रही हैं।

गौरतलब है कि उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में गुरूवार सुबह तीर्थयात्रियों की बस अलकनंदा नदी में गिर गयी थी। ज्यादातर तीर्थयात्री उदयपुर शहर के वकील संजय सोनी और उदयपुर गोगुंदा निवासी सूरत के ज्वैलर ललित सोनी के परिवार से थे। ये सभी 10 दिन पहले चारधाम यात्रा के लिए निकले थे।

सभी तीर्थयात्री बद्रीनाथ जा रहे थे,तभी इनकी बस को ट्रक ने टक्कर मार दी। बस में 20 लोग सवार थे। अनियंत्रित बस नदी में गिरी इस दौरान कुछ यात्रियों ने कूद कर जान बचायी। दुर्घटनाग्रस्त हुई बस में सवार सभी तीर्थयात्री एक ही परिवार से हैं और आपस में रिश्तेदार हैं।हादसे में बस चालक सहित 8 यात्री घायल है जिनका उपचार जारी है।

## पेंशन दिलाने का झांसा देकर वृद्धा की जमीन हड़पी

**उदयपुर**। पेंशन दिलाने का झांसा देकर पीडिता की जमीन हडपने वाले आरोपी व साथियों के खिलाफ हिरणमगरी थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित चम्पा पुत्री वागजी पत्नी भेराजी मीणा निवासी खरवा कुराबड़, रमेश लाल पुत्र कालुजी निवासी डेडकिया उमरडा ने आरोपी दुर्गाशंकर पुत्र भेराजी निवासी भोपामगरी नेहरू हॉस्टल के पीछे हिरणमगरी सेक्टर3, लालूराम पुत्र गणेश मीणा निवासी खारवा, सोहनलाल रावत पुत्र लोगरलाल निवासी मोराफला अण्डिन्दा वल्लभनगर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडिता ने बताया कि पिता की मौत होने के बाद पुश्तैनी जमीन मेरे हिस्से की मेरे नाम पर हुई थी। इसका पता चलने पर 7 जनवरी 2025 को आरोपी दुर्गाशंकर पेंशन की केवाईसी करवाने के बहाने मुझे अपने साथ ले गया।

जहां मेरे हिस्से की जमीन को अपने नाम करवा दी। इसका पता चलने पर विरोध किया तो आरोपी ने कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

# पत्नी और बेटे के हत्यारे को आजीवन कारावास की सजा

**शाहपुरा**। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सानिया हाशमी ने गांव अमरवासी पुलिस थाना हनुमान नगर जिला भीलवाड़ा में वर्ष 2021 में हुए पत्नी ओर बेटे के दोहरे हत्या कांड के अभियुक्त छैल बिहारी को अपराध धारा 302 भारतीय दंड संहिता के दोष सिद्ध आरोप में आजीवन कारावास एवं पच्चीस हजार रुपए के अर्थदंड की सज़ा सुनाई। अपरलोक अभियोजक हितेष शर्मा ने बताया किउक्त प्रकरण में पत्रावली पर उपलब्ध तथ्यों के अनुसार परिवादी ओंकार सिंह द्वारा थानाधिकारी पुलिस थाना हनुमान नगर को एक तहरीरी रिपोर्ट पेश कर मुकदमा इस आशय का दर्ज कराया की परिवादी की पुत्री शिमला देवी का विवाह छैल बिहारी पुत्र राजेंद्र उर्फ लालाराम निवासी अमरवासी थाना हनुमान नगर जिला भीलवाड़ा के साथ हुआ था दिनांक 29 मार्च 2021 की रात्रि को शिमला के प्रति छैल बिहारी ने शिमला के सिर व ललाट पर पत्थर से चोट मार कर एवं पुत्र राहुल के सिर पर पत्थर से चोट मार कर एवं ओढनी से फांसी लगाकर उन दोनों की हत्या कर दी, जिस पर पुलिस थाना हनुमान नगर द्वारा प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 51/2021 पुलिस थाना हनुमान नगर अपराध धारा 302 भारतीय दंड संहिता, संपूर्ण अनुसंधान पूरा होने के बाद अभियुक्त छैल बिहारी के खिलाफ अपराध धारा 302 भारतीय दंड संहिता में माननीय न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट जहाजपुर जिला भीलवाड में आरोप पत्र पेश किया गया जहां से आरोप सेशन न्यायालय में विचारणीय होने से माननीय सेशन न्यायालय शाहपुरा कैंप जहाजपुर में कमिट होकर दर्ज हुआ। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक हितेष शर्मा ने पैरवी की।प्रकरण में अभियोजन पक्ष से अपर लोक अभियोजक हितेष शर्मा द्वारा 24 साक्षी परीक्षित करवाए गए।